बरेली, सोमवार
10 मार्च, 2025
नगर संस्करण
मूल्य 7.00
पृष्ठ 16+4=20

# दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 05 BOTTOM

# एसआरएमएस किंग्स ने सात विकेट से जीता फ्रेंडशिप कप

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (9 March):** आइएमए बरेली को सात विकेट से हरा कर एसआरएमएस किंग्स ने फ्रेंडशिप कप जीत लिया. फाइनल मैच में 14 गेंद पर तीन छक्कों के साथ ताबड़तोड़ 33 रन बनाने और एक विकेट लेने वाले एसआरएमएस किंग्स के कप्तान आदित्य मूर्ति को मैन आफ द मैच चुना गया. टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आइएमए की टीम ने निर्धारित बीस ओवर में छह विकेट पर 195 रन का स्कोर बनाया था. लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसआरएमएस किंग के बल्लेबाजों ने ताबड़तोड़ बैटिंग करते हुए तीन विकेट पर 196 रन बनाकर सात विकेट से मैच जीत लिया.एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को हुए फाइनल मैच में आइएमए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बीस ओवर में 195 रन बनाया. इसमें सर्वाधिक डा. मनीष अग्रवाल ने 83, डा. अतुल गंगवार ने 43, डा. आरपी सिंह ने 27 और डा. नवीन ने 14 रन का योगदान दिया. एसआरएमएस किंग की ओर से आदित्य मूर्ति, संजय सिंह, रविंद्र और सुधांशु सक्सेना ने एक-एक विकेट लिया.लक्ष्य की पीछा करने उतरी एसआरएमएस के बल्लेबाजों ने तय बीस ओवर में 196 रन बनाकर मैच जीत लिया. एसआरएमएस के डा. आयुष गर्ग ने 64 रन, डा. महेश त्रिपाठी ने 50, आदित्य मूर्ति ने 33 और डा. रेहान अली ने महत्वपूर्ण 21 रन बनाकर जीत में प्रमुख भूमिका निभाई. टूर्नामेंट के छह मैचों में एक शतक के साथ 207 रन बनाने के लिए आइएमए बरेली के डा. अनिल गंगवार को मैन आफ द सीरीज चुना गया. 193 रन बनाने वाले आइडीए के डा. सलिल बलदेव बेस्ट बैट्समैन और 10 विकेट लेने वाले एसआरएमएस किंग्स के सुधांशु सक्सेना बेस्ट बालर बने.